श्री भवानन्द संस्कृत महाविद्यालय
(सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से सम्बद्ध)
SHRI BHAWANAND SANSKRIT MAHAVIDYALAYA
(Affiliated to Sampurnanand Sanskrit Vishwavidyalaya, Varanasi)
Email : sbsmvpunarjee@gmail.com, Web : sbsmv.in
पुनर्जी, जहानागंज–आजमगढ़, 276131, मो0 9415260061

NAAC 'B' GRADE

पत्रांक / स.म.वि / 41 /2025-25    कुल०स० 2983/25 08/08/25    दिनांक : 7/8/2025-

सेवा में,

श्रीमान कुलसचिव,
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्व विद्यालय
वाराणसी।

**विषय :** निर्देशानुसार रिक्त पद की परिपुष्टि व प्रकाशित विज्ञापन विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड कराने के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उक्त विषयक सादर निवेदन है कि श्रीमान कुलसचिव आदेश पत्रांक -जी० 735/2025 दिनांक 28-07-2025 के अनुपालन में संस्था में रिक्त सहायक विभागाध्यक्ष आधुनिक ( अंग्रेजी ) 01 पद का पुनः विज्ञापन दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय सहारा एवं दैनिक मान्यवर में क्रमशः दिनांक 04-08-2025 व 05-08-2025 को प्रकाशित करा दिया गया है। प्राप्त निर्देशानुसार रिक्त पद की परिपुष्टि व प्रकाशित विज्ञापन विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड किया जाना आवश्यक है।

अतः श्रीमान से सादर अनुरोध है कि रिक्त पद की परिपुष्टि की छाया प्रति व प्रकाशित विज्ञापन की मूल प्रति विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड कराने हेतु आपकी सेवा में सादर प्रेषित है।

भवदीय

प्रबन्धक
श्री भवानन्द सं० म० वि० पुनर्जी
जहानागंज, आजमगढ़

**संलग्न :**
रिक्त पद की परिपुष्टि।
विज्ञापन।

System Analyst
08/8/2025
Registrar

प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक
आजमगढ़।

सेवा में,

कुलसचिव
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी।

दिनांक : 09.02.2023

पत्रांक/संस्कृत/ /2022–23

विषय :– **श्री भवानन्द सं०म०वि० पुनर्जी जहानागंज, आजमगढ़ में रिक्त पद की पुष्टि।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय में सूच्य है कि माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज में याचिका संख्या 2295 वर्ष 2022 आदेश दिनांक 11.07.2022 के अनुपालन में संस्था के प्रबन्धक के पत्र दिनांक 21.07.2022 के साथ उपलब्ध कराये गए अभिलेखों के अनुसार संस्था में अधोलिखित एक पद की परिपुष्टि उसके सम्मुख अंकित विवरणानुसार की जाती है –

| क्र0 | शिक्षक का नाम | पद का नाम | जन्मतिथि | पद रिक्ति की तिथि | पद रिक्त का कारण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1– | श्री ओमप्रकाश राय | स0वि0 (आधुनिक) | 01–01–1956 | 30–06–2018 | अधिवार्षिता की आयु पूरा होना |

भवदीय

(उमेश कुमार त्रिपाठी)
जिला विद्यालय निरीक्षक
आजमगढ़ ।

पृष्टांकन संख्या/संस्कृत/14613–17 /2022–23 दिनांकः उपर्युक्त

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1– शिक्षा निदेशक उ0प्र0 (मा0) शि0 सा0 (2) विस्तार अनुभाग शिक्षा निदेशालय प्रयागराज।
2– संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़।
3– निरीक्षक संस्कृत पाठशालाएं उ0प्र0 प्रयागराज।
4– प्रबन्धक, श्री भवानन्द सं०म०वि० पुनर्जी जहानागंज आजमगढ़ के पत्र दिनांक 21.07.2022 के सन्दर्भ में इस अभ्युक्ति के साथ प्रेषित है कि भविष्य में किसी भी प्रकार के तथ्य–गोपन की स्थिति में यह आदेश स्वतः प्रभावहीन हो जायेगा तथा उसका सम्पूर्ण उत्तर दायित्व संस्था का होगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक
आजमगढ़ ।

फोटो कापी प्रमाणित
प्रबन्धक
श्री भवानन्द सं०म०वि० पुनर्जी
जहानागंज, आजमगढ़

AnyScanner

C

## आवश्यकता है

शासन द्वारा स्वीकृत अशासकीय सहायता प्राप्त उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत आरक्षण नियमावली के अन्तर्गत सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से सम्बद्ध श्री भवानन्द संस्कृत महाविद्यालय पुनर्जो जहानागंज आजमगढ़ में सहायक विभागाध्यक्ष आधुनिक (अंग्रेजी) के रिक्त एक पद पर नियुक्ति हेतु शासन द्वारा निर्धारित वेतनमान में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में परास्नातक (एम0ए0) उपाधि या समकक्ष शैक्षिक अर्हताधारी से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। विज्ञापन प्रकाशन तिथि से 21 दिन के अन्दर समस्त योग्यता प्रदायी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रतियों के साथ पंजीकृत डाक द्वारा प्रबन्धक के पद नाम से आवेदन पत्र प्रेषित करें।

**नोट** - कुलसचिव, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के आदेश पत्रांक -जी 0735/2025 दिनांक 28-07-2025 के अनुपालन में पूर्व प्रकाशित विज्ञापन दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र स्वतन्त्र चेतना एवं राष्ट्रीय सहारा दिनांक 17 मार्च 2023 के अनुसार जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किए है उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उनके पूर्व प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार्य है।

प्रबंधक

C